

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रैलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक I" ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 13 November 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 13 नवंबर का इतिहास

- **1975 :** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एशिया के चेचक मुक्त होने की घोषणा की।
- **2009 :** झारखंड में नक्सलियों ने निवर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह सहित सात लोगो का अपरहण कर लिया है।
- **1997 :** सुरक्षा परिषद ने इराक पर यात्रा प्रतिबंध लगाया।
- **1918 :** ऑस्ट्रिया गणराज्य बना।
- **1998 :** चीन के विरोध के बावजूद दलाई लामा और अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने मुलाकात की।

## 13 नवंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- स्काईरूट एयरोस्पेस जल्द ही अंतरिक्ष में रॉकेट लॉन्च करने वाली भारत की पहली निजी अंतरिक्ष कंपनी बन जाएगी। स्काईरूट एयरोस्पेस भारत का पहला निजी तौर पर विकसित रॉकेट विक्रम-एस लॉन्च करने के लिए तैयार है। प्रारंभ नाम का मिशन 12 नवंबर से 16 नवंबर के बीच लॉन्च किया जाएगा। विक्रम-एस रॉकेट एक सिंगल स्टेज सब ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल है जो पेलोड ले जाएगा। यह अंतरिक्ष प्रक्षेपण वाहनों की विक्रम श्रृंखला में प्रौद्योगिकियों के परीक्षण और सत्यापन में भी मदद करेगा।
- देश की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एक और बड़ी डील की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने जर्मनी की खुदरा कंपनी मेट्रो कैश एंड कैरी के भारत में कारोबार का अधिग्रहण कर लिया है। जिसके लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज ने करीब 4,060 करोड़ रूपये का अनुमानित समझौता किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज को इस समझौते में 31 थोक वितरण केंद्र भूमि बैंक और मेट्रो केश एंड कैरी के स्वामित्व वाली अन्य संपतियां भी शामिल हैं।
- हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी को विधि आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी को विधि आयोग का अध्यक्ष जबकि न्यायमूर्ति केटी शंकरन, प्रोफेसर आनंद पालीवाल, प्रोफेसर डीपी वर्मा, प्रोफेसर राका आर्य और श्रीराम करूणानिधि आयोग सदस्य नियुक्त किया है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने 103वें संवैधानिक संशोधन की वैधता को बरकरार रखा, यह भारत भर में सरकारी नौकरियों और कॉलेजों में सवर्णों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिये 10% आरक्षण प्रदान करता है। 103वें संविधान संशोधन को संविधान की आधारभूत संरचना को भंग करने वाला नही कहा जा सकता। यह आरक्षण पिछड़े वर्गो को शामिल करने के लिये राज्य द्वारा सकारात्मक कार्रवाई का एक माध्यम है।
- पश्चिमी घाट में मधुमक्खी की एक नई खोज की गई है। नई प्रजाति का नाम एपिस करिंजोडियन रखा गया है और आम नाम भारतीय ब्लैक मधुमक्खी है।
- वैश्विक उद्योग निकाय जीएसएमए ने भारती एयरटेल समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी गोपाल विट्ठल को 1 जनवरी से दो साल के लिए अपने निदेशक मंडल का उपाध्यक्ष चुना है। जीएसएमए ने 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2024 तक दो साल के कार्यकाल के लिए जीएसएमए निदेशक मंडल के नए सदस्यों को चुना है। जीएसएमए बोर्ड ने भारती एयरटेल समूह के सीईओ गोपाल विट्ठल को उपाध्यक्ष चुना है।
- राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान ने हिमालयी राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी हेतु एक प्रणाली स्थापित करने के लिए क्षेत्र विशेष अध्ययन शुरू कर दिया है। इस प्रणाली के तहत राज्यों को प्राथमिक तौर पर तीव्र बाढ़, रॉकस्लाइड, भूस्खलन, ग्लेशियल बर्स्ट और हिमस्खलन के खिलाफ चेतावनी प्रदान की जाएगी।
- एसबीआई वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 14752 करोड़ की समेकित शुद्ध आय के साथ भारत का सबसे अधिक लाभदायक कॉर्पोरेट बन गया है। इसकी समेकित शुद्ध आय रिलायंस इंडस्ट्रीज से बेहतर है, जिसकी शुद्ध आय 13656 करोड़ है।
- DRDO ने भारतीय नौसेना द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले सोनार सिस्टम के लिए एक परीक्षण एवं मूल्यांकन सुविधा शुरू की है। स्पेस नामक यह सुविधा आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया को गति देने के लिए शुरू की गई। DRDO ने स्पेस फैसिलिटी का हल मोड्यूल कोच्चि स्थित नौसेना भौतिक और समुद्र विज्ञान प्रयोगशाला से लॉन्च किया है।
- सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी को भारत के 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। 24 फरवरी 2020 को 22वें विधि आयोग को अधिसूचित किए जाने के दो साल से अधिक समय बाद यह नियुक्ति हुई है। अवस्थी ने अक्टूबर 2021 जुलाई 2022 के दौरान कर्नाटक HC के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया।
- केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने दुबई में पीएम मोदी पर दो पुस्तकों का विमोचन किया। केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने संयुक्त अरब अमीरात में पीएम मोदी और उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण की सराहना की है।

काव्य क्लासेज डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. विश्व दयालुता/दया दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 13 नवंबर (B) 14 नवंबर
(C) 15 नवंबर (D) 16 नवंबर

**(A)** विश्व दयालुता दिवस हर साल 13 नवंबर को मनाया जाता है। विश्व आंदोलन पहली बार 1998 में शुरू किया गया था। विश्व दयालुता आंदोलन राष्ट्रीय दयालु गैर-सरकारी संगठनों का एक गठबंधन है। विश्व दयालुता आंदोलन में वर्तमान में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जो किसी भी धर्म या राजनीतिक आंदोलन से संबद्ध नहीं है।




**2. अंतराष्ट्रीय विज्ञान और शांति सप्ताह हर साल कब से कब तक मनाया जा रहा है?**

(A) 9 से 15 नवंबर (B) 10 से 16 नवंबर
(C) 11 से 17 नवंबर (D) 12 से 18 नवंबर

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान और शांति सप्ताह हर साल 9 से 15 नवंबर तक मनाया जाने वाला एक वैश्विक पालन है। यह कार्यक्रम लोगों को बेहतर तकनीक विकसित करने और अपने देशों में शांति कायम करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस आयोजन का वार्षिक उत्सव विज्ञान, प्रौद्योगिकियों और शांति को बढ़ावा देने के साथ-साथ आम जनता में जागरूकता पैदा करने में योगदान देता है।



**3. मथुरा-वृंदावन धाम को किस वर्ष तक कार्बन न्यूट्रल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने का लक्ष्य रखा गया है ?**

(A) 2024 (B) 2030
(C) 2035 (D) 2041

**(D)** मथुरा-वृंदावन धाम को 2041 तक कार्बन न्यूट्रल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य के तहत पूरे ब्रज क्षेत्र से पर्यटक वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जिसमें वृंदावन जैसे प्रसिद्ध तीर्थ केंद्र शामिल हैं और कृष्ण सार्वजनिक परिवहन के रूप में उपयोग किए जाने वाले केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को क्षेत्र मे जाने की अनुमति होगी।



**4. 5वें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष रही जो अगले साल वर्ष G-20 महिला समूह में शामिल होकर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी ?**

(A) किरण सेनी गुप्ता (B) गीता देवी
(C) डॉ. ज्योति किरण (D) सुमन शर्मा

**(C)** राजस्थान के 5वें वित्त आयोग की अध्यक्ष श्री डॉ. ज्योति किरण शुक्ला अगले वर्ष G-20 महिला समूह में शामिल होकर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। भारतीय G-20 समूह की अध्यक्षता करेगा। इसमें महिलाओं का समग्र विकास के एजेंडे का केंद्र बिंदु बनाया जाएगा।



**5. अरूणा मिलर किस अमेरिकी राज्य के उपराज्यपाल का पद संभालने वाली पहली भारतीय अमेरिकी बन गई हैं ?**

(A) अलास्का (B) मैरीलैंड
(C) फ्लोरिडा (D) जॉर्जिया

**(B)** अरूणा मैरीलैंड की गवर्नर बनने वाली पहली प्रवासी महिला हैं। अरूणा को डेमोक्रेट पार्टी ने लेफ्टिनेंट गवर्नर पद के लिए अपना प्रत्याशी बनाया था। उनका जन्म 1964 में हैदराबाद में हुआ था, हालांकि जब वह 7 साल की थीं, तब उनका परिवार संयुक्त राज्य अमेरिका में आ गया था।

**6. हाल ही में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में कितने खिलाड़ियों को सम्मान दिया गया है?**

(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

**(C)** आईसीसी ने क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में तीन और दिग्गज खिलाड़ियों को जगह दी है। वेस्टइंडीज के शिवनरायण चंद्रपाल, पाकिस्तान के अब्दुल कादिर और इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स को यह सम्मान दिया गया है। आईसीसी ने बताया कि शिवनरायण चंद्रपाल यह सम्मान हासिल करने वाले 107वें, चार्लोट एडवर्ड्स 108वीं और अब्दुल कादिर 109वें खिलाड़ी है।



**7. हाल ही में डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना किस राज्य सरकार द्वारा लागू की जा रही है ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) केरल
(C) हरियाणा (D) राजस्थान

**(D)** राजस्थान में डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना 2022 के प्रारूप को मंजूरी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदान की गई है। दलित एवं आदिवासी युवा उद्यमियों को फायदा मिलेगा, इन्क्यूबेशन सेंटर में युवाओं को विशेषज्ञों से प्रशिक्षण मिलेगा और उद्यमियों को आवंटित होने वाले भूखंडो की सीमा 4000 वर्गमीटर तक बढ़ेगी।




**8. मत्स्य उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है ?**

(A) ओडिशा (B) आंध्रप्रदेश
(C) राजस्थान (D) केरल

**(C)** राजस्थान के अलवर में मत्स्य उत्सव मनाया जाता है। इसे क्षेत्र की स्थानीय कला, संस्कृति, विरासत, लोक संगीत और नृत्य को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इन आयोजनों में हेरिटेज वॉक, साइकिलिंग इवेंट, एडवेंचर एक्टिविटीज, बोट रेस, इको-ट्रैकिंग, सैंड आर्ट, मेंहदी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रदर्शन शामिल होते हैं।



**9. भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची किससे संबंधित है ?**

(A) शक्ति का विभाजन (B) आधिकारिक भाषाएं
(C) न्यायिक समीक्षा (D) राज्यसभा में सीटों का आवंटन

**(B)** संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं का उल्लेख है। कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली को 1992 के 71वें संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ा गया जबकि बोडो, डोंगरी, मैथिली और संथाली को 92वें संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा जोड़ा गया था। आठवीं अनुसूची में उपरोक्त क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल करने के पीछे दो उद्देश्य रहे हैं।




**10. हाल ही में किस स्थान पर द्विवार्षिक सेना कमांडरो का सम्मेलन आयोजित किया गया?**

(A) नई दिल्ली (B) मुंबई
(C) जयपुर (D) कोच्चि

**(A)** सेना कमांडरो का सम्मेलन एक शीर्ष-स्तरीय द्विवार्षिक आयोजन है जो वैचारिक स्तर पर विमर्श हेतु एक संस्थागत मंच है इसमें भारतीय सेना के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए जाते हैं। वर्ष 2022 के लिए दूसरा एसीसी सम्मेलन नई दिल्ली में निर्धारित किया गया है।

